संख्या3157/14-2-2014-800(136)/2014

प्रेषक,

डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासना

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी
उत्तर प्रदेश
लखनऊ।

वन अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक, 05 नवम्बर, 2014

विषय- जनपद मुजफफरनगर में बी0एस0एन0एल0 द्वारा मुजफफरनगर टेलीफोन एक्सचेंज से बुढाना टेलीफोन एक्सचेंज किमी0 6 से 28 तक बांयी पटरी पर ओ0एफ0सी0डालने हेतु 0.99 हे0संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष् पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 375/ओ0एफ0सी0(आइडिया) शामली-12, दिनांक 26-8-2014, जिसका प्रस्ताव संख्या-FP/UP/Others/6499/2014 है, के संदर्भ में शामली में आइडिया सेल्युलर लि0 द्वारा पानीपत-खटीमा मार्ग किमी0 31.00 से 38.200 तक दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग किमी0 100.850 से 122.000 तक जलालाबाद- गगोह-सहारनपुर मार्ग किमी0 63.00 से 70.865 तक कुल 36.035 किमी0 लम्बाई में ओ0एफ0सी0 डालने हेतु 0.3963 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष् पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति, भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक-11-9/98-एफसी, दिनांक 16-10-2000 में वन (संरक्षण्) अधिनियम, 1980 की धारा-2 तथा भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय के पत्र संख्या ।।/Fe/ROC/95-2011-Part-v/1140 दिनांक 18-3-2011 के अन्तर्गत प्रदत्त सामान्य स्वीकृति के आधार पर निम्न शर्तो पर प्रदान करते हैं-

(1) सम्बंधित वन क्षेत्र में किसी वृक्ष् का पातन नहीं किया जायेगा।
(2) ओ0एफ0सी0 केबिल/टेलीफोन लाइन/मार्गो/सड़कों/वर्तमान अधिकारधारिता में प्रयुक्त रास्तों के किनारे-किनारे ही बिछाये जायेंगे।
(3) ओ0एफ0सी0 केबिल/टेलीफोन लाइन हेतु खोदी गयी ट्रेन्च की साइज 1.00×1.00 मीटर से अधिक न होगी।
(4) प्रस्तावक एजेन्सी द्वारा खोदी गयी ट्रेन्च को इस तरह से भर कर कम्पैक्ट करना होगा कि भू-क्षरण की सम्भावना न हो।
(5) प्रस्तावक एजेन्सी द्वारा स्थानीय नियमों के अधीन वन विभाग से अनुमति प्राप्त की जायेगी।
(6) वनभूमि के उपयोग के बाद उसका मूल स्वरूप पुन: लाने व वनों एवं पर्यावरण में होने वाली क्षति की प्रतिपूर्ति के बारे में प्रस्तावक विभाग द्वारा लिखित सहमति दी जायेगी।
(7) प्रस्तावक विभाग द्वारा अनुरक्षण का कार्य सम्पादन से पूर्व वन विभाग की पूर्व अनुमति ली जायेगी।
(8) भूमि का सरफेस राइट्स (Surface Right) नहीं दिया जायेगा एवं वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा अर्थात् भूमि का स्वामित्व पूर्व की भांति यथावत् बना रहेगा।
(9) कार्यदायी संस्था द्वारा प्रदेश में किसी एक स्थान पर 20 किमी0 तीन लाइनों में वृक्षारोपण कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/intra

(10) प्रस्तावक विभाग को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व भू-स्वामी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

(11) प्रयोक्ता एजेन्सी के पास वैध व अधिकृत लाइसेन्स हो तथा उसे कार्य करने का सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त हो।

(12) भारत सरकार के पत्र संख्या- 5-3/2007 एफसी (पीटी), दिनांक 19-8-2010 तथा पत्र संख्या- J-11013/41-2006-IA-II(1), दिनांक 02 दिसम्बर, 2009 के अनुसार प्रस्तावक विभाग को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने, यदि लागू है तो (if applicable)कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व सक्षम स्तर से पर्यावरणीय अनापत्ति/अनुमोदन तथा वन्य जीव की दृष्टि से स्टैंडिग कमेटी ऑफ नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ से अनुमोदन अलग-अलग प्राप्त कर लिया गया है।

(13) यदि प्रश्नगत भूमि सेन्चुरी/नेशनल पार्क में सम्मिलित है, तो मा0 उच्चतम् न्यायालय से अलग से अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही कर ली गयी हैं।

(14) समस्त वैधानिक/प्रशासनिक अनापत्ति प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(15) उपरोक्त के अतिरिक्त समय-समय पर केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/मा0 न्यायालयों द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन प्रस्तावक विभाग द्वारा किया जायेगा।

2- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रयोक्ता एजेन्सी के पास आप्टिकल फाइबर केबिल बिछाने हेतु वैध व अधिकृत लाइसेन्स हो तथा इस कार्य के लिए उन्हें सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त हो।

भवदीय,

(डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद)
विशेष सचिव।

संख्या-3157(1)/14-2-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1)- मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन पंचम तल सैक्टर एच, अलीगंज विस्तार, लखनऊ ।

(2)-प्रमुख सचिव, आई0टी0इलैक्ट्रानिक्स उ0प्र0शासन, लखनऊ ।

(3)- वन संरक्षक, सहारनपुर, वृत्त, सहारनपुर।

(4)- जिलाधिकारी, शामली।

(5)- प्रभागीय वनाधिकारी,शामली वन प्रभाग, शामली ।

(6)- वाइस प्रेसिडेन्ट, मै0 आइडिया सेल्युलर लि0 नोएडा।

(7)- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एम0एल0 शुक्ला)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/intra